# न्यूज बेधड़क

PRINT

| Regional News Paper | Edition : Noida (Uttar Pradesh) | Circulation: NA |
|---|---|---|
| दिनांक (Dated): 23.09.2025 | पृष्ठ सं. (Page No.) - | क्रम सं. (Serial No.) 16 |

न्यूज बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, मंगलवार, 23 सितंबर, 2025

08


देश-विदेश के कई शहरों के लिए सीधी उड़ान सेवा होगी शुरू, पीएम मोदी कर सकते हैं उद्घाटन

## सीआईएसएफ ने संभाली नोएडा एयरपोर्ट की सुरक्षा कमान

पंकज राय | बेधड़क

नोएडा। देश के सबसे अत्याधुनिक और हाई-टेक एयरपोर्ट में से एक नोएडा के जेवर स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की सुरक्षा की कमान सप्ताह के पहले दिन सोमवार को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ-CISF) को सौंप दी गई। एयरपोर्ट पर आयोजित एक विशेष इंडक्शन प्रोग्राम में YIAPL ने आधिकारिक रूप से सुरक्षा की जिम्मेदारी सीआईएसएफ को सौंपी। इस मौके पर बल के महानिदेशक (डीजी) प्रवीर रंजन, DIG विनय काजला समेत सीआईएसएफ के कई बड़े अधिकारी मौजूद रहे। इस मौके पर नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (NIAL) के मुख्य परिचालन अधिकारी (COO) किरण जैन ने CISF के DG प्रवीर रंजन को प्रतीकात्मक चाबी सौंपी।

एयरपोर्ट की सुरक्षा के लिए सीआईएसएफ के 1047 जवान तैनात होंगे तथा टर्मिनल और पूरे परिसर में 350 कैमरों से निगरानी की जाएगी। इसके अलावा AI आधारित एवं [illegible] कैमरे भी लगाए गए हैं जिससे एयरपोर्ट की सुरक्षा को और मजबूती मिलेगी। फिलहाल पहले चरण में 120 जवानों की तैनाती की गई।



सीआईएसएफ के डीजी प्रवीर रंजन अधिकारियों की मौजूदगी में बल के डीआईजी विनय काजला को चाबी सौंपते हुए।


**एक नजर में 'जेवर' एयरपोर्ट**

- 10 शहरों के लिए पहले चरण में उड़ान भरेंगे विमान
- 30 अक्टूबर से जेवर एयरपोर्ट से विमान सेवा होगी शुरू
- 5845 हेक्टेयर जमीन पर बनाया गया है जेवर एयरपोर्ट
- 29 हजार 650 करोड़ रुपए इसे बनाने में हुए हैं खर्च
- 178 विमान एक साथ इस एयरपोर्ट पर हो सकते हैं खड़े

### 2.5 लाख टन क्षमता वाला कार्गो हब तैयार

उड़ानों की शुरुआत से पहले एयरपोर्ट पर 2.5 लाख मीट्रिक टन क्षमता वाला कार्गो हब भी लगभग तैयार हो चुका है। इस समय इसकी टेस्टिंग, सिस्टम इंटीग्रेशन और सरकारी स्वीकृतियों की प्रक्रिया चल रही है। इसके शुरू होते ही एयरपोर्ट न सिर्फ यात्रियों के लिए, बल्कि व्यापारिक दृष्टि से भी एक बड़ा केंद्र बन जाएगा। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पहले चरण का निर्माण कार्य 30 अक्टूबर तक पूरा हो जाएगा। इसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों प्रस्तावित है।

**जयपुर सहित 10 शहरों के लिए शुरू होंगी उड़ानें:** उद्घाटन के 45 दिनों के भीतर 10 शहरों चंडीगढ़, हैदराबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, मुंबई, लखनऊ, वाराणसी, गोरखपुर, अहमदाबाद, जयपुर के लिए उड़ानें शुरू होने की तैयारी चल रही है।



@ नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट

### सिविल कार्य पूरा, फिनिशिंग जारी

इस एयरपोर्ट का सिविल और कंस्ट्रक्शन का काम पूरा हो चुका है तथा फिनिशिंग का काम जारी है, जिसके खत्म होते ही हवाई सेवा को नए पंख लग जाएंगे। इस एयरपोर्ट से देश के लगभग हर बड़े शहर के साथ-साथ विदेशों के लिए भी सीधी उड़ानें मिलेंगी। उम्मीद है कि 2025 के आखिर तक यहां से व्यावसायिक उड़ानें शुरू हो जाएंगी। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के सीईओ क्रिस्टोफ श्नेलमैन ने हाल ही में कहा था कि कई अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस इस एयरपोर्ट से सेवाएं शुरू करने को लेकर गंभीर बातचीत कर रही हैं, इनमें पश्चिम एशिया और दक्षिण-पूर्व एशिया की प्रमुख एयरलाइंस शामिल हैं। फिलहाल, एयरलाइंस और उड़ानों के स्लॉट को लेकर विमर्श अंतिम चरण में है, जैसे-जैसे एयरपोर्ट के उद्घाटन की तारीख नजदीक आएगी, वैसे-वैसे एयरलाइंस की घोषणा और रूट प्लानिंग को लेकर और भी जानकारी सामने आएगी।

### डिजिटल और पेपरलेस होगा एयरपोर्ट

नोएडा एयरपोर्ट को पूरी तरह डिजिटल और पेपरलेस बनाया जा रहा है। यात्रियों के लिए चेक-इन, सुरक्षा जांच और बोर्डिंग की पूरी प्रक्रिया CONTACTLESS होगी। डिजी यात्रा सिस्टम के जरिए यात्री को केवल चेहरे की पहचान और बायोमैट्रिक डेटा से एंट्री मिलेगी। बार-बार बोर्डिंग पास और पहचान पत्र दिखाने की जरूरत नहीं होगी। इससे यात्रियों को लंबी लाइनों से राहत और तेज सुगम ट्रैवल का अनुभव मिलेगा। सिटा और ICAD होल्डिंग कंपनी इस परियोजना के सिस्टम इंटीग्रेटर के रूप में काम कर रही है।